बुधवार
18 जनवरी 2023
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज



हेनवा व कठार आएंगे मुख्यमंत्री, तैयारियों को लेकर अधिकारियों की बढ़ी चहलकदमी 3

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

## सीएम योगी ने राष्ट्रपति को भेंट की पुस्तक



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से शिष्टाचार भेंट की। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी ने दिल्ली प्रवास के दौरान मंगलवार को राष्ट्रपति भवन जाकर श्रीमती मुर्मू से शिष्टाचार भेंट की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने एनी बेसेंट और भगवान द्वारा लिखित पुस्तक सनातन धर्म राष्ट्रपति को भेंट की।

# काशी में बोट रेस... गंगा में 3 किमी. की रेसिंग ट्रैक पर भागेगी 12 टीम

**एजेंसी/वाराणसी**

काशी में मंगलवार सुबह हॉट एयर बैलूंस शो और बोट फेस्टिवल की शुरूआत हुई। पहली बार हो रहे बोट फेस्टिवल के लिए दशाश्वमेध घाट से राजघाट तक रेसिंग ट्रैक तैयार किया गया है। यह रेसिंग ट्रैक 3 किमी. का है। 12 नाविकों की टीम रेस में हिस्सा ले रही है। यह रेस 4 दिनों तक चलेगी। सबसे ज्यादा पाइंट लाने वाली टीम को दो लाख रुपए इनाम स्वरूप मिलेंगे।

इससे पहले हॉट एयर बैलूंस शो का आयोजन किया गया। इसमें 10 बैलूंस ने सेंट्रल हिंदू स्कूल कैंपस से उड़ान भरी। यह बैलूंस गंगा पार करके प्राचीन घाटों और मंदिरों का एरियल व्यू का दर्शन कराते हुए चंदौली तक गए। इनमें 30 देशी-विदेशी पर्यटकों ने सैर की। 1500



हॉट एयर बैलून में हवा भरते प्रतिभागी

फीट की ऊंचाई तक बैलूंस ने उड़ान भरी। मौसम साफ होने की वजह से सुबह विजिबिलिटी 500 मीटर तक रही है। हालांकि अब इसकी सैर केवल अधिकारी और एससीओ देशों के प्रतिनिधि ही कर पाएंगे। आम लोगों को इसकी अनुमति नहीं दी जा रही है। शाम को इस बैलूंस फेस्टिवल की ऑफिशियल शुरूआत होगी। दरअसल, शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के प्रतिनिधि पहली बार वाराणसी आए हैं। इसमें



बोट रेस की तैयारी करते प्रतिभागी

एससीओ देशों के 100 से ज्यादा राजनयिकों का डेलिगेशन है। एससीओ सदस्यों को देखते हुए ही 17 से 20 जनवरी तक हॉट एयर बैलूंस शो और बोट रेस का आयोजन रखा गया है।

बोट रेस में हिस्सा लेने वाली टीमों के मेंबर काशी के स्थानीय नाविक ही हैं। इनके नाम हैं- नाविक सेना, नौका सवार, भागीरथी सेवक, घाट रक्षक, गंगा वाहिनी, जल योद्धा, गंगा लहरी, गंगा पुत्र, काशी लहरी, गौमुख दैत्य, काशी रक्षक, और जल सेना। बोट रेस की उन्हें पूरी ट्रेनिंग दी गई है।

इस 4 दिवसीय खेल प्रतियोगिता के लिए एक नई नियम पुस्तिका बनाई गई है। प्वाइंट सिस्टम के द्वारा रखा गया है। यानी कि सभी टीमें पाइंट हासिल करने के लिए हर दिन एक-दूसरे से मुकाबला करेंगी। जिस टीम को सबसे ज्यादा पाइंट मिलेंगे, वही टीम इस रेस की विजेता होगी। चैंपियंस को 1.75 लाख रुपए का इनाम भी घर ले जाने को मिलेगा। दशाश्वमेध घाट से शुरू होकर राजघाट तक इस रेसिंग ट्रैक की कुल लंबाई 3 किलोमीटर का है। वाराणसी की ट्रैडीशनल बोट्स 15 फीट लंबी होती हैं। इनकी पतवार 4 फीट लंबी होती है। इसकी कमान कप्तान के हाथों में होगी। 4 दूसरे नाविक इसका संचालन करेंगे।

## खबरें फटाफट

### ज्वेलर्स व सीएसपी में 5 लाख की चोरी

**मधेपुरा।** शंकरपुर बाजार में देर रात चोरों ने एक ज्वेलर्स व एक सीएसपी दुकान से करीब 5 लाख रुपये के सोना, चांदी एवं अन्य सामानों की चोरी कर ली। सुबह में जैसे ही चोरी की जानकारी दुकानदारों ओर अन्य लोगों को हुई दुकान पर भारी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। इसके साथ ही घटना के विरोध में बाजार के व्यवसायियों ने अपनी दुकानें बंद कर शंकरपुर-सिहेश्वर रोड को जाम कर दिया। दुकानदारों ने स्थानीय पुलिस एवं प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए चोर-अपराधियों से सुरक्षा दिलाने की कार्रवाई करने की मांग की। दुकानदारों के आंदोलन से इस मुख्य मार्ग पर करीब चार घंटे तक आवागमन बाधित रहा।

### गणतंत्र दिवस पर निकलेगी झांकियां

**पटना।** इस वर्ष 26 जनवरी को देश अपना 74 वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। इस अवसर पर बिहार सरकार के 12 विभागों द्वारा गांधी मैदान, पटना में अलग अलग विषयों पर झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा। झांकियों के प्रदर्शन हेतु विभागवार नोडल पदाधिकारी को नामित किया गया है। नोडल पदाधिकारी सरकार के निदेर्शों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करेंगे। जिला पदाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि सरकार के विकासात्मक एवं लोक कल्याणकारी योजनाओं, समाज सुधार अभियान तथा महिला सशक्तिकरण कार्यक्रमों को झाँकियों के द्वारा दिखाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने 'समाधान यात्रा' के क्रम में अरवल व जहानाबाद में योजनाओं का लिया जायजा

# धर्म के मामलों में किसी को कोई हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए: सीएम

- मुख्यमंत्री ने कहा कि जीविका दीदियां बहुत अच्छा काम कर रही हैं
- यात्रा में एक-एक चीज की जानकारी ली जा रही है

**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को 'समाधान यात्रा' के क्रम में अरवल जिले में विभिन्न विभागों के अंतर्गत चल रही विकास योजनाओं का जायजा लिया। यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री अरवल प्रखंड की सोनवर्षा पंचायत में परसादी इंग्लिश ग्राम के वार्ड संख्या 12 में पहुंचे और वहां उपस्थित लोगों की समस्याएं सुनीं और समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये।

जीविका द्वारा वित्त पोषित कार्यों जैसे मशरूम का उत्पादन, पौधारोपण, ऋषि नीर प्यूरिफाई वाटर सप्लाई और जीविका दीदियों द्वारा उत्पादित सामानों आदि के बारे में प्रदर्शनी के माध्यम से जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री को जानकारी दी। जीविका दीदियों से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जीविका दीदियां बहुत अच्छा काम कर रही हैं। आपलोगों को आगे बढ़ाने के लिए हमलोग लगे हुए हैं। आपलोग अच्छे से काम करते रहिए। वहां उपस्थित जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री की प्रशंसा करते हुए कहा कि आपका बहुत सहयोग मिला है जिससे हमलोग आगे बढ़ रहे हैं और अच्छे से जीवन व्यतीत कर रहे हैं।

गंगा नदी से गाद हटाने को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि हम तो गाद हटाने को लेकर शुरू से कह रहे हैं। वर्ष 2017 में इसको लेकर हमलोगों ने पटना और दिल्ली में बैठक की थी। केवल बात करने से नहीं होगा इसके लिए जागरूक होना होगा। गाद हट जाएगा तो इससे सब जगह पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम एक-एक चीज की जानकारी ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब तक जितना काम हुआ वो तो ठीक है लेकिन आगे और क्या करना चाहिए, इसके



### जिसको जैसे मन करता है वो वैसे पूजा करता है

**जहानाबाद।** रामचरितमानस विवाद पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सब फालतू चीज है। धर्म के मामले में किसी को किसी तरह का हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। हिंदू मुस्लिम, सिख, इसाई कोई भी धर्म हो, किसी को भी इसमे इंटरफेयर नहीं करना चाहिए। यह सही बात नहीं है। जिन्होंने इस तरह की बातें कहीं है उनको उप मुख्यमंत्री ने भी कह ही दिया है। जिसको जैसे मन करता है वो वैसे पूजा करता है। उसमें किसी को भी हस्तक्षेप नहीं करनी चाहिए। सभी धर्म के लोगों को अपने-अपने ढंग से पूजा करने का अधिकार है। कोशिश करनी चाहिए कि आपस में किसी तरह का कोई विवाद नहीं हो। हमलोगों की कोशिश के फलस्वरुप बिहार में आपसी विवाद न के बराबर होते हैं। धर्म के मामले में अगर कोई बोलता है तो मुझे ठीक नहीं लगता है। हम इन सब मामलों में इंटरफेयर नहीं करना चाहते हैं। मंत्री को अपना बयान वापस ले लेने के मामले पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हम उनको यह बात कह चुके हैं। अब तो उनकी पार्टी की तरफ से भी कह दिया गया है। इन बातों पर आपलोग ज्यादा चर्चा मत कीजिए।

### राज्य में सरकार द्वारा कराये गये हैं काफी कार्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी यात्रा का उद्देश्य है कि सरकार द्वारा जो काम कराये गये हैं उसमें कितनी प्रगति हुयी है और कितना काम बाकी है, उसे देखना। सात निश्चय-1 और सात निश्चय-2 के तहत सरकार द्वारा काफी कार्य कराये गये हैं। लोगों की सुविधा और तरक्की के लिए और क्या किया जा सकता है, उसी का आकलन और अध्ययन करने के लिए हमलोग घूम रहे हैं। सभी लोगों से मिलकर उनकी बातों को सुनते हैं। लोगों की एक-एक बातों को नोट किया जाता है। हम अधिकारियों को इसे देखने के लिए कहते हैं। यहां आकर मुझे अच्छा लग रहा है। जो काम सरकार द्वारा कराया जा रहा है उसे देखने के बाद हम कुछ सुझाव अधिकारियों को देते हैं।

लिए हम पूरे बिहार में घूम रहे हैं। घूमने के दौरान मेरे दिमाग में जो आइडिया आया वो सब तो करा ही रहे हैं और आगे क्या करना है? इसको भी तय कर लिया गया है ताकि बिहार का और ज्यादा विकास हो। नल के जल को लेकर जो भी समस्याएं आ रही हैं उसके संबंध में अधिकारियों से कहा गया है। पंचायत में जो काम हो रहे हैं उसे पंचायत को ही देखना है। हम यात्रा पर निकलते हैं तो त्रुटियों की जानकारी मिलती है।

# मेस की गुणवत्ता को ले सड़क पर बैठीं बीएचयू की छात्राएं

**एजेंसी/वाराणसी**

सर्व शिक्षा की राजधानी कहे जाने वाले काशी हिंदू विश्वविद्यालय में छात्राओं का गुस्सा फिर सड़कों पर देखने को मिला। हॉस्टल में खाने की क्वालिटी और बुनियादी सुविधाओं को लेकर पीएचडी हॉस्टल की छात्राएं सोमवार की देर रात से वीसी आवास के बाहर धरने पर बैठ गईं। रातभर धरना देने के बावजूद सुबह ना तो किसी ने फरियाद सुनी और ना ही कोई कार्रवाई नहीं हुई। लिहाजा मंगलवार को भी छात्राओं का आंदोलन जारी रहा। इस कड़कड़ाती ठंड में पूरी रात छात्राएं खुले आसमान के नीचे रहीं ताकि वीसी को अपनी समस्याओं से अवगत करा सके और उनके शिकायत कर अपनी समस्या को दूर करने गुहार लगा सकें। लेकिन सड़क पर बैठी छात्राओं की समस्या दूर करने के बजाय विश्वविद्यालय के अफसर उन्हें समझाकर हटाने में ज्यादा ध्यान देते दिखाई दिए।

बीएचयू की छात्राओं ने बताया कि जब से हॉस्टल में मेस बदला गया है तब से हॉस्टल में खाने की क़्वालिटी



बेहद खराब हो गई है। जिससे छात्राएं फूड पॉइजनिंग की शिकार हो रही हैं। वहीं धरने पर बैठी अन्य छात्राओं का कहना है कि अपनी इस समस्या के लिए उन्होंने बीते एक महीने में हॉस्टल के वार्डेन के अलावा सभी जिम्मेदार अफसरों को इसकी लिखित शिकायत की है। लेकिन बाहुजूद इसके डेढ़ महीने में इस समस्या को दूर नहीं किया जा सका। उनका कहना है कि जब तक अब छात्राओं की समस्या दूर नहीं हो जारी उनका आंदोलन जारी रहेगा।




भारतीय जनता पार्टी की दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में प्राधमंत्री ने दिए निर्देश

# चुनाव में अभी 400 दिन बाकी, समाज के सभी वर्गों तक पहुंचें: पीएम

- पीएम ने कहा- 18-25 वर्ष के युवाओं ने पिछली सरकार के कुशासन को नहीं देखा है

**एजेंसी/नई दिल्ली**

भारतीय जनता पार्टी की दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक मंगलवार को दिल्ली में संपन्न हुई। इस बैठक के दूसरे और अंतिम दिन पीएम मोदी का संबोधन हुआ। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने बैठक खत्म होने के बाद पीएम के संबोधन के बारे में



मीडिया को जानकारी दी। देवेंद्र फडणवीस ने बताया कि पीएम ने अपने भाषण में कहा कि भारत के जीवन का सर्वोत्तम काल आ रहा है। ऐसे समय में मेहनत करें, अपने शरीर का कण-कण भारत की इस विकास गाथा में लगाएं। भारत के इस सर्वोत्तम काल के साक्षी हम सब लोग बन सकते हैं। फडणवीस ने कहा कि पीएम का संबोधन प्रेरक और भविष्य की राह दिखाने वाला था। पीएम ने कहा कि चुनाव में अभी 400 दिन बाकी हैं और समाज के सभी वर्गों तक पहुंचा जाए।

पीएम ने कहा कि 18-25 वर्ष की आयु के युवाओं ने पिछली सरकार के कुशासन को नहीं देखा है। इस पीढ़ी को नहीं पता कि पहले की सरकारों ने किस तरह कदाचार और कुशासन से सरकार चलाया है और किस तरह हम देश को सुशासन से परिवर्तित करना है। इसलिए युवाओं में इसके बारे में जागरूकता पैदा की जानी चाहिए।

### कमजोर तबके तक पहुंचना है

उन्होंने बताया कि बैठक में पीएम ने कहा कि सभी धर्मों के कमजोर तबके तक पहुंचना है। बोहरा, पसमंदा और पढ़े लिखे मुस्लिम तक हमें सरकार की नीतियां लेकर जानी हैं। अमृत काल को कर्तव्य काल में परिवर्तित करें। बीजेपी अब केवल एक राजनीतिक दल नहीं है बल्कि इसका रूपांतरण सामाजिक संगठन के तौर पर भी हुआ है। साथ ही पीएम ने कहा कि बॉर्डर पर स्थित गांवों के साथ संगठन का संपर्क ज्यादा होना चाहिए।

# टीबी से उबरने के बाद समुदाय में जागरूकता का अलख जगा रहे हैं कृष्णा

केटी न्यूज/पटना

पटना जिला का पालीगंज प्रखंड। यहां की सड़कों और गलियों में घुमते हुए आपको एक नौजवान दिखेंगे जो समुदाय के बीच लोगों से फाइलेरिया के बारे में चर्चा करते नजर आते हैं। गलियों में और घरों में जाकर टीबी के बारे में लोगों को जागरूक करना इनकी दिनचर्या का हिस्सा है। पालीगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर भी यह टीबी से पीड़ित लोगों के साथ दिख जाते हैं, यह हैं पटना के पालीगंज प्रखंड के 32 वर्षीय कृष्णा कुमार जो खुद टीबी के मरीज रह चुके हैं। इन्होंने समझदारी का परिचय देते हुए ससमय जांच करवाई और

### समझदारी और हिम्मत से दिया टीबी को मात

चिकित्सकों द्वारा बताई गयी दवाओं का नियमित सेवन कर टीबी को मात देने में सफलता पायी। अब कृष्णा कुमार समुदाय में इस रोग को लेकर जागरूकता की अलख जगा रहे हैं।

**करीब 300 टीबी मरीजों को दिखाया उपचार का मार्ग :** कृष्णा अब एक टीबी चैंपियन के रूप में टीबी से ग्रसित रोगियों को उपचार का मार्ग दिखा रहे हैं। संदिग्ध रोगियों को चिन्हित कर पालीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर वह उनकी जांच करवाते हैं तथा मरीजों को ससमय दवा उपलब्ध हो जाये यह



लोगों को जानकारी देते कृष्ण कुमार

सुनिश्चित करते हैं। अभी तक वह करीब 300 टीबी मरीजों को सरकारी चिकित्सीय संस्थानों से जोड़कर उनकी मदद कर चुके हैं।

### टीबी मुक्त वाहिनी के गठन में निभाई महत्वपूर्ण भूमिका

रीच संस्था द्वारा गठित टीबी मुक्त वाहिनी के गठन में कृष्णा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कृष्णा मानते हैं कि टीबी मुक्त वाहिनी एक ऐसा मंच है जो समुदाय में लोगों को टीबी रोग की गंभीरता को समझाने में अहम् भूमिका निभा रहा है। कृष्णा ने बताया कि वाहिनी के सदस्य के रूप में समुदाय से एकाकार होकर उन्हें लोगों के मन में बैठी भ्रांतियों को समझने का मौका मिला। जानकारी के अभाव में लोग टीबी के लक्षणों को अनदेखा करते हैं और उपचार के अभाव में यह रोग जानलेवा साबित होता है। समुदाय को यह समझाने में कठिनाई हुई कि लगातार कई दिनों तक खांसी का होना टीबी का संक्रमण हो सकता है। यह एक संक्रामक रोग है जो ग्रसित व्यक्ति से दूसरों को फैलता है। नियमित संपर्क साधकर लोगों को जागरूक करने में सफलता मिली और यह दिल को सुकून देने वाला अनुभव रहा।

कृष्णा मानते हैं कि समुदाय से निरंतर संपर्क में रहकर उनके स्वास्थ्य समस्याओं को समझने में उन्हें मदद मिलती है। उनका कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोग लगातार होने वाली खांसी को नजरंदाज करते हैं। ग्रामीण अक्सर खांसी के उपचार के लिए घरेलु उपाय अपनाते हैं अथवा ग्रामीण स्तर पर कार्यरत निजी चिकित्सकों एवं झोलाछाप डॉक्टर से संपर्क करते हैं। कृष्णा ने बताया कि उनका मुख्य उद्देश्य लोगों को समझाना है कि लगातार होने वाली खांसी, तेज बुखार जैसे लक्षणों को हलके में नहीं लेकर तुरंत स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करना चाहिए।

**टीबी उन्मूलन अभियान में कृष्णा करते हैं मदद :** पालीगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. आभा कुमारी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। ज्यादा से ज्यादा टीबी मरीजों को चिन्हित कर उन्हें ससमय उपचार की सेवा देना हमारा लक्ष्य है। एक टीबी चैंपियन के रूप में कृष्णा कुमार समुदाय में जागरूकता फैलाने का अहम् काम कर रहे हैं।

## खबरें फटाफट

### डीएम का फरमान मिलरों को जारी होगा नोटिस

**सासाराम।** जिला मुख्यालय में स्थित समाहरणालय में डीएम धर्मेन्द्र कुमार ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में धान अधिप्राप्ति को लेकर बैठक की, बैठक में जिला प्रबंधक भारतीय खाद्य निगम, जिला सहकारिता पदाधिकारी, सभी प्रखण्ड सहकारिता पदाधिकारी और राइस मिलन मौजूद थे। डीएम ने बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी को निर्देश दिया कि वैसे सभी पैक्स अध्यक्ष जो लक्ष्य से कम अधिप्राप्ति कर रहे हैं, यदि निर्धारित अवधि में लक्ष्य प्राप्त नहीं करते हैं, तो उनके शेष लक्ष्य को घटा दिया जाए। साथ ही जिन पैक्सों ने अपना लक्ष्य समय से पूर्ण कर लिया है, उनके लक्ष्य में टैग करते हुए वृद्धि कर दी जाए। डीएम ने सहकारिता पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि धान अधिप्राप्ति में किसी भी स्तर पर कोई शिकायत प्राप्त होगी तो संबंधित पदाधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रखण्ड सहकारिता पदाधिकारी दैनिक आधार पर लक्ष्य निर्धारित करें एवं निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करें। जो सहकारिता पदाधिकारी लक्ष्य को प्राप्त नहीं करेंगे तो उनसे शो-कॉज पूछ कार्रवाई होगी।

### पेड़ की टहनी से गिरकर युवक घायल

**सासाराम।** रोहतास बस स्टैंड से कुछ दूरी पर स्थित एक पीपल का पेड की टहनी गिरने से नौहट्टा थाना क्षेत्र के रेहल गांव के पीपरडीह निवासी चितरंजन कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है कि बाइक रेलवे मैदान से बाजार की ओर जा रहा था की तभी ऊपर से टहनी टूटकर गिर गई। बाइक अनियंत्रित हो गई जिससे युवक का पैर टूट गया। घायल को स्थानीय लोगों के सहयोग से पीएचसी लाया गया जहां से डॉक्टरों ने उसे इलाज के लिए रेफर कर दिया।

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सात निश्चय योजनाओं का लिया जाजया

# ग्रामीण इलाकों की बदल रही सूरतः सीएम

- टाउन हॉल में जीविका दीदयों से की बातचीत
- जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ की समीक्षात्मक बैठक

केटी न्यूज/जहानाबाद

मंगलवार को सूबे के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समाधान यात्रा कार्यक्रम के तहत जहानाबाद पहुंचे। सीएम ने जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत मांदिल पंचायत के पकरी महादलित टोले में सरकार के महत्वाकांक्षी योजना का निरीक्षण किया। गांव में बने नली गली, नल जल सहित सात निश्चय योजनाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण महिलाओं से भी संवाद किया। इसके बाद मुख्यमंत्री सीधा मांदिल गांव पहुंचे, जहां तालाब का निरीक्षण कर नौका बिहार और पंचायत भवन का उद्घाटन किया। साथ ही जीविका और शिक्षा विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया। इस दौरान शिक्षा विभाग द्वारा आठ दिव्यांग बच्चों को ट्राई साइकिल समेत अन्य उपकरण का वितरण किया। वही जिला मुख्यालय स्थित



मुख्यमंत्री को भेंट देती जीविका दीदियां

टाउन हॉल में जीविका दीदियों के साथ संवाद स्थापित किया। इसके अलावा सीएम ने समाहरणालय में जिले के पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर विकास कार्यों की समीक्षा भी की।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मांदिल जैसे सुदूर ग्रामीण इलाके में तालाब का जीर्णोद्धार करके वृहद पैमाने पर कार्य कराए जाने की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह स्थल किसी बड़े पर्यटन स्थल से जैसा दिख रहा है। तालाब में पानी और बोटिंग की सुविधा है। तालाब की मध्य में फवारा है जिसमें रंग बिरंगे रोशनी की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि जिस तरह से बिहार के ग्रामीण इलाकों की सूरत बदल रही है, ये सब विकास का ज्वलंत उदाहरण है।

मांदिल पंचायत में मुख्यमंत्री को देखने के लिए ग्रामीणों में भी खासा उत्साह नजर आया। बैरिकेटिंग के वावजूद सीएम की एक झलक पाने के लिए कई ग्रामीण पेड़ पर चढ़ गए। सीएम को देखने के दौरान ग्रामीणों ने बैरिकेटिंग को भी तोड़ दिया। हालांकि की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों ने किसी तरह ग्रामीणों को संभाला। इस दौरान सीएम नीतीश कुमार के साथ वित्त मंत्री विजय चौधरी, संजय झा, प्रभारी मंत्री संतोष कुमार सुमन, स्थानीय सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी, सदर विधायक कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव, मखदुमपुर विधायक सतीश दास, पूर्व विधायक राहुल कुमार, जदयू के प्रदेश सचिव जयप्रकाश चंद्रवंशी, जदयू जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा, राजद जिलाध्यक्ष महेश ठाकुर, राजद नेता पप्पू यादव, धर्मपाल यादव, संजय यादव, स्थानीय मुखिया बबलू यादव के अलावा प्रधान सचिव दीपक कुमार, मगध कमिश्नर मयंक बड़बड़े, डीएम रिची पांडे, एसपी दीपक रंजन सहित कई वरीय अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि व महागठबंधन कई नेता मौजूद थे।

मांदिल गांव का जायजा लेने के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जिला मुख्यालय स्थित अब्दुल बारी नगर भवन पहुंचे जहां जीविका दीदियों के साथ संवाद स्थापित किया। वहीं समाहरणालय स्थित ग्रामप्लेक्स भवन में जिले के जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर कई आवश्यक निर्देश दिए।

### जदयू कार्यकताओं ने सीएम का किया भव्य स्वागत

**जहानाबाद।** समाधान यात्रा के दौरान जहानाबाद पहुंचे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का जदये कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया। उनके स्वागत में जहानाबाद सीमा से लेकर शहर तक जगह-जगह तोरण द्वार बनाए गए थे। जहां जदयू जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता फूल माला लेकर खड़े थे। इस दौरान नीतीश कुमार जिंदाबाद के खूब नारे लगे। अतिथि गृह पहुंचने पर जिलाध्यक्ष ने गांधी का चरखा चलाते मोमेंटो मुख्यमंत्री को भेंट किया। मौके पर जदयू नेता निरंजन केशव उर्फ प्रिंस, जय प्रकाश चंद्रवंशी समेत कई नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे। इससे पहले सदर प्रखंडे की मांदिल पंचायते में जदयू जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा ने तीन प्रमुख समस्याओं की ओर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का ध्यान आकर्षित कराते हुए मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र के माध्यम से जिलाध्यक्ष ने मोरहर नदी के गाद की उड़ाही तथा तटबंध को मजबूत करने, राजा बाजार में ओवरब्रिज का निर्माण तथा जहानाबाद शहर में वार्ड संख्या चार से लेकर सभी मोहल्ले तक जल निकासी की सुविधा बेहतर करने के लिए अलगाना नाले की साफ सफाई की मांग की।

## एक नजर

### भोजपुर में सड़क हादसे में बाइक सवार किसान की मौत, पत्नी और बेटा जख्मी



**आरा।** जिले के आयर थाना क्षेत्र के बनकट और असुधन मठिया गांव के समीप मंगलवार की सुबह ट्रक ने बाइक में ठोकर मार दी। उसमें बाइक सवार एक बुजुर्ग किसान की मौत हो गयी। हादसे में उनकी पत्नी और पुत्र गंभीर रूप से जख्मी हो गये। दोनों का इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। मृतक गड़हनी थाना क्षेत्र के मदूरी गांव निवासी 60 वर्षीय नवल किशोर चौधरी थे। घायलों में उनकी पत्नी जीतन देवी और पुत्र धरीक्षण चौधरी शामिल हैं। घटना की संबंध में किसान के छोटे पुत्र सनोज चौधरी ने बताया कि उसके पिता मंगलवार की सुबह इलाज कराने बाइक से से आरा जा रहे थे। साथ मां और भाई भी था। उसी दौरान बनकट और असुधन मठिया गांव के समीप पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। उसमें तीनों बाइक सहित गिर पड़े और ट्रक उसके पिता को कुचलते निकल गया। उसमें उसके पिता की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। वहीं बाइक चला रहा उसका भाई और बीच में बैठी मां जितन देवी भी गंभीर रूप से जख्मी हो गयी। सूचना मिलने पर स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। इधर, हादसे के बाद किसान के घर में कोहराम और रोना-धोना मचा है। बताया जाता है कि किसान तीन भाइयों में दूसरे स्थान पर थे। उनके परिवार में पत्नी जितन देवी, दो पुत्र धरीक्षण, सनोज और छह पुत्री हैं। पत्नी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### शौच करने निकले इंटर के छात्र की ट्रेन की चपेट में आने से मौत, मचा कोहराम



**आरा।** आरा-सासाराम रेलखंड पर उदवंतनगर थाना क्षेत्र के तेतरिया गांव स्थित रेलवे क्रासिंग के समीप मंगलवार की सुबह ट्रेन की चपेट में आने से इंटर के एक छात्र की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। मृत छात्र तेतरिया गांव निवासी राज कुमार यादव का 18 वर्षीय पुत्र सुभाष यादव था। सूचना मिलते पर स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। छात्र के चाचा नंद किशोर यादव ने बताया कि मंगलवार की सुबह वह शौच करने के लिए रेलवे क्रासिंग के पास बधार की ओर जा रहा था। उस दौरान वह रेलवे ट्रैक पार कर रहा था। तभी विपरीत ट्रेन की चपेट में आ गया। उससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। छात्र अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था। उसकी मौत से घर में कोहराम मचा है। इकलौत बेटे के परिवार में मां संगीता देवी का रो-रोकर बुरा हाल था। बहन मंजू कुमारी और अमृता कुमारी भी बेहाल थी। उधर, जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर मृतक का पोस्टमार्टम कराया। जिसके बाद परिजनों को सौंप दिया गया। शव को लेकर परजिन गांव निकल गए। जहां पर मृतक के अंतिम संस्कार की तैयारी की जा रही है।

### उगना-भड़सरा पथ पर हथियार के बल पर सीएचपी संचालक से डेढ़ लाख की लूट



**आरा।** भोजपुर के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के उगना-भड़सरा पथ पर मंगलवार को अपराधियों ने हथियार के बल पर एक सीएचपी संचालक से करीब डेढ़ लाख लूट लिया। गांव से भड़सरा स्थित सीएसपी जाने के दौरान अपराधियों द्वारा ओवरटेक घटना को अंजाम दिया गया। अपराधियों की संख्या तीन बतायी जा रही है। लूट की वारदात उगना गांव निवासी अरविंद तिवारी के साथ हुई है। उसको लेकर सीएसपी संचालकों हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि सीएचपी संचालक अरविंद तिवारी की भड़सरा में एसबीआई की सीएसपी है। मंगलवार को वह गांव से बैग में पैसा लेकर भडसरा स्थिति सीएचपी जा रहे थे। उसी बीच रास्ते में ओवरटेक कर बाइक सवार अपराधियों ने उसे रोक दिया। हथियार का भय दिखा पैसा वाला बैग छीन भाग निकले। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष विलास पासवान दल-बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और छानबीन में जुट गये। लुटेरों की पहचान और धरपकड़ को लेकर छापेमारी भी की जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही खुलासा कर दिया जायेगा।

## खुशी का माहौलः डुमरांव राज परिवार में आया नन्हा मेहमान



**डुमरांवः** डुमरांव राज परिवार में एक नन्हा मेहमान आया है। जिसके बाद घराने में खुशी का माहौल है। डुमरांव महाराज के छोटे बेटे मानविजय सिंह को पोता हुआ है। मानविजय सिंह ने बताया कि उनकी बेटी रोहणी कुमारी व दामाद अर्जुन सिंह दिल्ली में रहते हैं। जहां फिनेक्स हॉस्पिटल अस्पताल में रोहणी ने मंगलवार की शाम छह बजे एक बेटे को जन्म दिया। जच्चा व बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। नन्हे मेहमान का नाम फतेह अर्जुन सिंह रखा गया है। जिसके के आने से डुमरांव राज परिवार में खुशी का माहौल है।

## चालक व खलासी को बंधक बना ट्रक ले भागे बदमाश

- बिहिया से धान लेकर डेहरी जाने के दौरान अपराधियों ने घटना को दिया अंजाम

केटी न्यूज/आरा

जिले में बिहिया-बिहटा स्टेट हाईवे पर पीरो थाना क्षेत्र के केशवां गांव के समीप अपराधियों ने चालक व खलासी को बंधक बना धान लदा एक ट्रक लूट लिया। दूसरे ट्रक से ओवरटेक कर अपराधियों ने हथियार के बल पर चालक एवं खलासी का हाथ-पैर बांध छोड़ दिया और ट्रक ले भागे। अपराधी चालक व खलासी का मोबाइल भी ले भागे।

लूट की वारदात सोमवार की देर रात करीब 11 बजे की बतायी जा रही है। लूटा गया ट्रक शाहपुर थाना क्षेत्र के इटवा गांव निवासी विनय सिंह का है। ट्रक चालक बक्सर के बगेन थाना क्षेत्र के पोखरहन गांव निवासी विकास कुमार है। चालक के अनुसार सोमवार की रात वह बिहिया से ट्रक पर 24 टन धान लादकर खलासी जयप्रकाश चौधरी के साथ डिहरी जाने के लिए निकला था। वह रात करीब साढ़े दस बजे तेंदुनी मोड़ पहुंचा। वहां से उसके पीछे एक ट्रक लग गया। केशवा प्लांट के समीप पीछे से आ रहे ट्रक द्वारा ओवरटेक कर उसका रास्ता रोक दिया गया। उसके बाद ओवरटेक करने वाले ट्रक से चार की संख्या में अपराधी नीचे उतरे और कट्टा के बल उसे और खलासी को अपने कब्जे में ले लिया। उसके बाद अपराधियों ने दोनों का हाथ पैर बांधकर सड़क के समीप खेत मे रखे पुआल के समीप बैठा दिया। दोनों का मोबाइल फोन भी ले लिया और ट्रक लेकर भाग निकले।

काफी देर बाद दोनों ने हाथ और पैर को खोला। उसके बाद दोनो पास के गांव में गए और वहां एक व्यक्ति से फोन लेकर ट्रक मालिक, अपने परिजनों और पुलिस को घटना की सूचना दी। इस मामले में चालक के बयान पर पीरो थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। इधर, लूट की सूचना मिलने पर एसडीपीओ राहुल सिंह और पीरो थानाध्यक्ष घटनास्थल पर पहुंचे। अफसरों ने अपने स्तर से घटना की छानबीन की गयी। पुलिस अपराधियों की पहचान और धरपकड़ में जुटी है।

## रोहतास जिले में एमआर के प्रथम एवं दूसरे डोज से वंचित बच्चों को किया गया है चिह्नित

# खसरा रूबेला से बचाव के लिए वंचित बच्चों को दिया जाएगा टीका

- जिले में 2200 के आसपास बच्चे एमआर वैक्सीन के प्रथम एवं दूसरे खुराक से हैं वंचित

केटी न्यूज/सासाराम

दिसंबर 2023 तक देश से खसरा व रूबेला बीमारी को जड़ से मिटाने के लिए केंद्र सरकार के साथ-साथ रोहतास जिला स्वास्थ्य स्वास्थ समिति ने भी कमर कस ली है। रोहतास जिले में इसके लिए जनवरी 2023 के शुरूआती हफ्ते से ही कवायद शुरू कर दी गई है। इधर आशा कर्मियों के सहयोग से जिले में खसरा और रूबेला टीका से वंचित बच्चों को चिह्नित करने का के कार्य भी समाप्त कर लिया गया है। चिह्नित बच्चों की के रिपोर्ट को संग्रहित कर-



के राज्य स्वास्थ्य स्वास्थ समिति को भेजने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। इसके अलावा सर्वे के दौरान टीका से वंचित पाए गए बच्चों को टीकाकरण करने की भी प्रक्रिया जल्द शुरू कर दी जाएगी। जिला प्रतिरक्षण विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 31 जनवरी तक सभी चिह्नित बच्चों को टीकाकरण करने की प्रकिया पूरी रा कर लेनी ना है। जिला प्रतिरक्षण कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जिले में 2200 के आसपास वैसे बच्चों को चिह्नित किया गया है। जो खसरा एवं रूबेला के प्रथम या दूसरे डोज से वंचित हैं। वैसे बच्चों को नियमित टीकाकरण के दौरान बच्चे के नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर टीकाकरण कराया जाएगा।

### नियमित टीकाकरण के दौरान दिया जाता है टीका

पांच वर्ष के कम आयु के बच्चों को खसरा एवं रूबेला बीमारी से बचाने के लिए टीकाकरण किया जाता है। जो नियमित टीकाकरण में शामिल हैं। इसके जानकारी देते हुए यूनिसेफ के एसएमसी डॉ असजद इकबाल सागर ने बताया कि पांच साल के बच्चे को एमआर के दो टीके लगाए जाते हैं। पहला टीका बच्चे के नौ माह पूर्ण होने पर दसवें दसवे महीने में लगाया जाता है। वहीं दूसरी खुराक 16 से 24 महीने के की बीच पड़ता है। दोनों टीका देने पर बच्चा पूरी तरह समपूर्ण प्रतिरक्षित हो जाता है।

### बच्चों के लिए जानलेवा है खसरा एवं रूबेला

जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ आरकेपी साहू ने बताया कि खसरा रूबेला बच्चों में होने वाली बीमारी है। इस बीमारी में बच्चों के शरीर पर लाल रंग के दाने आते हैं। उन्होंने बताया कि की अगर बच्चों के शरीर पर लाल रंग के दाने या फोड़े फुंसी जैसे लक्षण दिखाई दे तो उसे नजरंदान न करें। क्योंकि की यह खसरा का लक्षण हो सकता है। उन्होंने उन्हीने बताया कि ऐसे लक्षण दिखने पर तत्काल सरकारी अस्पताल में संपर्क करें अन्यथा यह बच्चों के लिए घातक साबित हो सकता है।

### एमआर से पीड़ित बच्चे मिलने पर किया जाएगा टीकाकरण

डीआईओ डॉ आरकेपी साहू ने बताया कि दिसम्बर 2023 तक खसरा रूबेला को जड़ से मिटाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिस क्षेत्र में खसरा एवं रूबेला से पीड़ित एक भी बच्चा पाया गया तो उस क्षेत्र में अभियान चला कर आसपास रहने वाले वाले सभी बच्चों को एम आर का टीका दिया जायेगा, ताकि इस बीमारी को जड़ से खत्म किया जा सके। इस क्रम में वंचित बच्चों को टीकाकृत करने के लिए आंगनबाड़ी केंद्र पर शिविर लगाकर टीकाकृत किया जाएगा। जिसकी जिम्मेदारी आशा कार्यकर्ताओं को दी जाएगी।

## खबरें फटाफट

### दो घंटे चला रेल ट्रैक मेंटेनेंस कार्य

**बक्सर।** पूर्व मध्य रेलवे दानापुर क्षेत्राधिकार अंतर्गत वरीय अनुभाग अभियंता बक्सर क्षेत्राधिकार के गहमर तथा चौसा स्टेशनों के बीच बाराकला हाल्ट के पास मंगलवार को दो घंटे का मेगा ब्लॉक लेकर डाउन रेलवे ट्रैक के मेंटेनेंस का कार्य बीसीएम मशीनों द्वारा किया गया। इस दौरान दो घंटे तक डाउन रूट पर रेलवे का परिचालन बाधित रहा। गौरतलब हो कि जाड़े के दिनों में आए दिन हो रही रेल पटरी चटकने की घटनाओं को लेकर सजग हुआ रेल महकमा रेलवे ट्रैक के मेंटेनेंस के लिए सजग हो गया है। जिसको लेकर मटिसा और बीसीएम मशीन के माध्यम से रेलवे ट्रैक पर गिट्टी पैकिंग का कार्य तथा पटरी में लगे पेंडल क्लिप में ग्रीसिंग का कार्य कराया जा रहा है। इस दौरान डाउन रूट से गुजरने वाली मेल एक्सप्रेस ट्रेनों को हर छोटे बड़े स्टेशनों पर खड़े होने से यात्रियों को भारी फजीहत का सामना करना पड़ा।

### कार व बाइक की टक्कर में शिक्षक जख्मी

**नावानगर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल रुपसागर के पास सोमवार की देर शाम कार एवं बाइक की टक्कर में प्राइवेट स्कूल के एक शिक्षक जख्मी हो गए। जख्मी शिक्षक कतिकनार गांव निवासी मृत्युंजय सिंह बताए जाते है। जिन्हें स्थानीय लोगों ने सीएचसी नावानगर में इलाज कराया। वही कार चालक अपनी वाहन को छोड़कर भाग निकला। बताया जाता है कि प्राइवेट शिक्षक अपनी बाइक से गांव जा रहे थे। तभी डुमरांव से मलियाबाग की तरफ जा रही स्विफ्ट डिजायर कार अनियंत्रित हो बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार जख्मी हो गए। इस संबंध में नावानगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय ने बताया कि कार बाइक टक्कर में प्राइवेट शिक्षक की जख्मी होने की उन्हें सूचना मिली है। पर एफआईआर के लिए अभी तक आवेदन प्राप्त नहीं हुई है।

### 150 लिटर शराब किया गया विनष्ट

**राजपुर।** थाना परिसर में मंगलवार को कई कांडों में जब्त किये गये कुल 150 लीटर विभिन्न ब्रांडों के शराब पर गाड़ी चलाकर नष्ट किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए राजपुर थानाध्यक्ष युसूफ अंसारी ने बताया कि विभिन्न मामलों में जब्त किये गये विदेशी और देशी शराब था। जिसे सीओ सोहन की उपस्थिति में नष्ट किया गया। इस मौके पर इन्होंने आम जनों से अपिल करते हुए कहा कि शराब पीना स्वास्थ्य के लिए काफी हानिकारक हैं। शराब बेचना एवं पीना दोनों ही शराब अधिनियम के तहत दोषी है। शराब की तस्करी करने वालों, पीने वालों पर पुलिस की हमेशा नजर हैं। कोई भी व्यक्ति इस जुर्म में पकड़ा जाता है तो उसके खिलाफ इस अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए जुमार्ना के साथ-साथ सजा का भागीदार बनना पड़ेगा।

# शानदार बॉलिंग व फिल्डिंग की बदौलत गया ने धनबाद रेलवे को 17 रनों से हराया

- टॉस जीतकर गया ने बल्लेबाजी का लिया निर्णय

**केटी न्यूज/धनबाद**

किला मैदान पर फैज मेमोरियल क्रिकेट के फाइनल मुकाबले में गया ने धनबाद रेलवे को 17 रनों से पराजित करते हुए फैज मेमोरियल कप पर कब्जा जमा लिया। मैच का उद्घाटन अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। अंतिम समय तक इस रोमांचकारी महामुकाबले में गया की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया तथा निर्धारित ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 138 रन का स्कोर खड़ा किया। जिसमें यस राज ने 40, सुदर्शन ने 23, सूरज यादव ने 18, सूरज कश्यप ने 15, रनों का योगदान किया। वहीं, गेंदबाजी में धनबाद की तरफ से राहुल ने 3, जस करण तथा आषुतोष ने 2-2 जबकि निशांत एवं इब्ने हसन ने 1-1 विकेट प्राप्त किया।

जवाबी पारी में धनबाद ने निर्धारित ओवर में सात विकेट पर 121 रन ही बना सकी। जिसमें परवेज ने नाबाद 49, इब्ने हसन ने 21 तथा श्रेष्ठ ने 14 रनों का योगदान किया। गया की तरफ से सुमन तथा अर्णव ने 2-2 जबकि रणधीर, सूरज एवं अमित ने 1-1 विकेट प्राप्त किया। मंगलवार को हुए प्रतियोगिता के फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के अलावे विशिष्ट अतिथि के रूप में



मैच के पूर्व खिलाड़ियों से परचिय प्राप्त करते समिति के सदस्य

सदर विधायक संजय कुमार तिवारी, राजपुर विधायक विश्वनाथ राम, डुमरांव विधायक अजित कुशवाहा तथा युवराज चंद्रविजय सिंह भी मौजूद थे। अन्य अतिथियों में ममता पांडेय, डॉ. सुजीत कुमार, कौश्लैनद्र कुमार सिंह, इन्द्र प्रताप सिंह, डॉ. तनवीर फरीदी, डॉ. राजेश मिश्रा, डॉ. श्रवण तिवारी, राजेश यादव, सेठ छन्नूलाल, दिनेश जायसवाल, ओमजी यादव, पिंटू सिंघानिया, मनोज राय, गुड्डू सिंह,अजय मिश्रा, सुबेदार विद्यासागर चौबे, चंदन राय आयोजन समिति के दुर्गा वर्मा संजय राय फसीह आलम इत्यादि मौजूद थे।



मैच जीतने केबाद विजेता टीम के कैप्टन को कप देते अतिथिगण

अम्पायर की भूमिका में राजीव कमल मिश्रा तथा निरंजन कुमार थे कॉमेंटेटर इमरान फरीदी तथा विक्की जयसवाल एवं जितेंद्र प्रसाद थे। जबकि स्कोरर आफताब आलम एवं गोपाल प्रसाद थे। विजेता एवं उपविजेता ट्रॉफी के अलावे मैन ऑफ द सीरीज, मैन ऑफ द मैच, बेस्ट बैट्समैन, बेस्ट बालर, बेस्ट विकेट कीपर, तथा बेस्ट फिल्डर का विशेष पुरस्कार भी दिया गया। सभी सम्मानित अतिथियों को मोमेन्टो प्रदान किया गया। साथ ही, सभी समर्पित कार्यकताओं को विशेष पुरस्कार भी दिया गया।

## बलबतरा में बन रहा हेलीपैड, तैयारियों का जायजा लेते रहे अधिकारी

# हेनवा व कठार आएंगे मुख्यमंत्री, तैयारियों को लेकर अधिकारियों की बढ़ी चहलकदमी

- हेनवा गांव के तालाब व कठार में जैविक खेती को देखेंगे मुख्यमंत्री
- जीविका दीदियां करेंगी सीएम का स्वागत

**केटी न्यूज/डुमरांव**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के समाधान यात्रा की काउंट डाउन शुरू हो गई है। वे गुरूवार को समाधान यात्रा के तहत चक्की प्रखंड के हेनवा व सिमरी प्रखंड के कठार गांव आ रहे है। इसकी तैयारियां तेज हो गई है। मंगलवार को भी पूरे दिन अधिकारियों का जमावड़ा हेनवा, कठार व बलबतरा जैसे गांवों में लगा रहा। मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री हेलीकाप्टर से बलबतरा में लैंड करेंगे। इसके लिए बलबतरा में हेलीपैड का निर्माण कराया जा रहा है। बलबतरा चंदा पथ को भी दुरूस्त



हैलीपैड का निर्माण करते मजदूर

किया जा रहा है। जबकि हेनवा के पास स्थित तालाब की सफाई भी तेज हो गई है। जबकि कठार गांव के पास एक किसान द्वारा जैविक विधि से किए जा रहे केले की खेती का निरीक्षण भी मुख्यमंत्री करेंगे।

डुमरांव एसडीएम कुमार पंकज ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री के समाधान यात्रा को लेकर तैयारियों को अमलीजामा पहनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बुधवार तक सारी तैयारी पूरी कर ली जाएगी। एसडीओ ने बताया कि अभी तक जो स्पष्ट हुआ है उसमें हेनवा तालाब व कठार के जैविक खेती देखने के साथ ही हेनवा के दलित बस्ती में सात निश्चय योजना को मुख्यमंत्री देखेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर अधिकारियों की मुश्किलें बढ़ गई है। अधिकारी इस बात की तस्दीक करने में लगे है कि कही से कोई चुक न हो जाए। मंगलवार को डुमरांव एसडीएम के साथ ही डीडीसी डॉ. महेन्द्र पाल, डुमरांव एएसपी राज, सिमरी बीडीओ शशिकांत शर्मा के साथ ही सीओ, चक्की के बीडीओ और सीओ पूरे दिन तैयारियों को परखते रहे।

### रातों रात बनाई जा रही है सड़कें

मुख्यमंत्री के समीक्षा यात्रा को लेकर रातों रात सड़कों का निर्माण कार्य पूरा किया जा रहा है। पिछले एक दशक से जर्जर हो चुकी दियारा क्षेत्र की कई सड़कों को चकाचक किया जा रहा है। बलबलरा चक्की पथ, हेनवा कठार पथ, कठार कृष्णाब्रह्म पथ के साथ ही डुमरांव के महरौरा पथ और बक्सर के समाहरणालय रोड को मुख्यमंत्री के आगमन के पूर्व बनाया गया है। इसके अलावे भी चारों तरफ साफ सफाई भी किया जा रहा है। ताकी मुख्यमंत्री को कही खामी नजर न आए।

### समीक्षा बैठक पर बना हुआ है संशय

समाधान यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री समीक्षा बैठक कहा करेंगे इस पर अभी भी संशय बना हुआ है। अबतक सिर्फ इतना ही स्पष्ट हो पाया है कि वे समाधान यात्रा के तहत हेनवा व कठार आएंगे। लेकिन जिले के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक डुमरांव के कृषि कॉलेज परिसर में करेंगे या फिर बक्सर समाहरणालय में इसका पता नहीं चल सका है। जिला प्रशासन द्वारा भी अभी उनका रूट चार्ट स्पष्ट नहीं किया गया है। जिससे लोगों में संशय बना हुआ है।

# पंचतत्व में विलीन हुए भाजपा नेता परशुराम चतुर्वेदी

- मुखाग्नि के बाद ऋषि परंपरा के तहत किया गया जल प्रवाह
- शहर में शवयात्रा जुलूस, मुक्ति धाम में किया गया अंतिम संस्कार

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिला भाजपा के कद्दावर नेता और किसान हितों के समर्थक परशुराम चतुर्वेदी चरित्रवन स्थित मुक्ति धाम महाश्मशान में मंगलवार की देर शाम पंच तत्व में विलीन हो गए। उनके पैतृक गांव महदह से निकाली गई शव यात्रा में भाजपा नेताओं के अलावा हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। अंतिम संस्कार से पूर्व श्री चतुर्वेदी के पार्थिव शरीर को भाजपा के झंडे में लपेट कर फूलों से सजे वाहन पर रख शव यात्रा पूरे शहर का भ्रमण की, जहां दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित करने का तांता लगा रहा।

शवयात्रा में शामिल केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने कहा कि परशुराम चतुर्वेदी हमेशा कहा करते थे कि किसानों के लिए मैं अपनी जान भी दे दूंगा। नियति का संयोग देखिए। बक्सर में किसानों पर हुए बर्बरता के खिलाफ उनके नेतृत्व में जिला भाजपा द्वारा निकाली गई आक्रोश यात्रा में वह शामिल थे। उसी दौरान उन्हें हृदयाघात हुआ और वह हम सभी को छोड़कर ईश्वर के चरणों में चले गए। उन्होंने किसानों के कल्याण, हक के लिए शहादत दे दी। यह बेकार नहीं जाएगी। उनके पैतृक गांव महदह से परशुराम चतुर्वेदी की शव यात्रा निकाली गई। उनके अंतिम दर्शन को सारा गांव व शहर उमड़ पड़ा था। केंद्रीय मंत्री श्री चौबे यात्रा में सभी ग्रामीणों, शहरवासियों, कार्यकताओं को दिलासा दिला रहे थे। दुख की इस घड़ी में अभिभावक की तरह साथ



खड़े थे। बक्सर से भाजपा के पूर्व प्रत्याशी परशुराम चतुर्वेदी के निधन से जिले में शोक की लहर है। सभी दलों के नेता शोक संतप्त है। उनकी शव यात्रा निवास स्थान महदह से आरंभ होकर अंबेडकर चौक मॉडल थाना मेन रोड होते हुए शहीद भगत सिंह पार्क पीपरपांती रोड होते हुए चरित्र वन स्थित मुक्तिधाम तक गई। जहां उनके बड़े पुत्र अतुल चतुर्वेदी ने मुखाग्नि दी। इसके बाद ऋषि परंपरा के तहत उनके शव को जल प्रवाह किया गया। शव यात्रा में भाजपा नेता नागेंद्र प्रसाद, राजपुर विधायक विश्वनाथ राम, पूर्व एमएलसी सुशील सिंह, पूर्व प्रत्याशी प्रदीप दुबे, प्रदीप राय, अमरेंद्र पांडेय, कौशल कुमार, सुदामा पांडये, सत्येंद्र कुमार, राणा प्रताप सिंह, बलराम पांडेय, सौरभ तिवारी, पुनित सिंह, कतवारू सिंह, राहुल दूबे, संजय सहाय, सुमित श्रीवास्तव, जयप्रकाश राय, मृत्युंजय सिंह, धीरज पाठक, शेषनाथ पाठक व अन्य लोग मौजूद रहे।

### स्नातक तृतीय खंड परीक्षा की तिथि बढ़ाने की अपील

डुमरांव। वीकेएसयू आरा द्वारा 27 जनवरी से स्नातक तृतीय खंड परीक्षा की तिथियां निर्धारित की गई है। लेकिन 27 जनवरी को पहले से ही सीटेट परीक्षा की तिथि मुकर्रर है। कई ऐसे छात्र भी है जिन्हें दोनों परीक्षाएं देनी है। ऐसे में छात्र पशोपेश में पड़ गए है कि वे सीटेट की परीक्षा दे या फिर स्नातक तृतीय खंड की। बता दें कि वीकेएसयू द्वारा जारी परीक्षा प्रोग्राम में 27 जनवरी को साइंस की परीक्षा ली जानी है। दोनों परीक्षा एक ही दिन होने से छात्रों की मुश्किल बढ़ी है। ऐसी स्थिति में तय है कि एक परीक्षा के चक्कर में दूसरा परीक्षा छूटेगा। परेशान छात्र छात्राओं ने वीकेएसयू के कुलपति को पत्र लिखकर 27 जनवरी को होने वाली परीक्षा की तिथि बदलने की मांग की है। विश्वविद्यालय के सीनेटर संतोष कुमार तिवारी ने छात्र छात्राओं के आवेदन पर तत्काल सहानुभूति पूर्वक विचार करने एवं उनके परेशानी को दूर करने का आश्वासन दिया है।

## एक नजर

### स्वच्छता रैंकिंग में डुमरांव अंचल को मिला जिले में पहला और राज्य में 18 वां स्थान



**डुमरांव।** डुमरांव सीओ अंकिता सिंह के नेतृत्व में अंचल प्रशासन के बेहतर कार्यो का इनाम मिला है। अब डुमरांव अंचल बक्सर जिले का सबसे अच्छा अंचल बन गया है। पूरे राज्य में इसे 18 वां स्थान मिला है। राज्य सरकार ने सूबे के सभी अंचल कार्यालय के कार्यो के आधार पर रैंकिंग दी है। इस रैंकिंग में कुल 534 अंचलों में डुमरांव अंचल को जिले में पहला और पूरे राज्य में 18 वां स्थान मिला है। इससे उत्साहित अंचल प्रशासन अब राज्यभर में पहले स्थान पर आने के लिए कवायदें शुरू कर दिया है। बता दें कि पिछले कुछ महीनों में डुमरांव अंचल प्रशासन ने दाखिल खारिज, परिमार्जन, अतिक्रमण हटाने के अलावे एलपीसी जाति आय और आवास प्रमाण पत्र तथा अंचल कार्यालय से होने वाले अन्य कार्यों का निष्पादन निर्धारित समयावधि में पूरा किया है। इस दौरान अंचल प्रशासन पर किसी के द्वारा आरोप भी नहीं लगाया गया। खुद सीओ अंकिता सिंह मजबूती से अपने कार्यो का निष्पादन कर रही थी। जिसका लाभ भी रैंकिंग में मिला है। बता दें कि इसके पहले चौसा अंचल को पहला स्थान मिला था। तब डुमरांव अंचल का नाम रैंकिंग लिस्ट में बहुत नीचे था। लेकिन अंचल कार्यालय के सार्थक प्रयास तथा पिछले एक साल से रणनीति के तहत किए गए कार्य के बदौलत प्राप्त हुआ है। इसमें परिमार्जन के 94 प्रतिशत मामले निष्पादित कर लिए गए है। जिसके लिए अंचल को 19 मार्क मिला है। मोटेशन कि 85 प्रतिशत निष्पादन के लिए 42.5 मार्क, एलपीसी के 98 प्रतिशत से अधिक निष्पादन के लिए कुल 10 मार्क मिला है। जबकि लैंड सेटलमेंट का 100 प्रतिशत मामले निष्पादित किये गए है। डुमरांव अंचल को सूबे में 18वां रैंक प्राप्त हुआ है। सीओ अंकिता सिंह ने इसे सभी कर्मियों का सामूहिक प्रयास को श्रेय दिया है। उन्होंने कहा कि अब हमारा प्रयास पूरे राज्य में नंबर वन रैंकिंग लाने का है। इस लिहाज से और मजबूती से तथा पारदर्शी तरीके से कार्यों का निष्पादन किया जा रहा है।

### युवक की इलाज के दौरान मौत, पसरा मातम



**डुमरांव।** सड़क दुर्घटना में जख्मी डुमरांव के एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई है। उसकी मौत पटना के एक निजी अस्पताल में हुआ है। मृतक अभिषेक चौबे उम्र 24 वर्ष नगर के खिरौली निवासी मनोज चौबे का पुत्र है। मिली जानकारी के अनुसार 3 दिसंबर को उसकी शादी बिहिया के पास हुइ थी। पांच का उसका गवना था। गवना की बरात में ही वह कार से जा रहा था। फोरलेन पर बेलौटी के पास बने ओवर ब्रिज पर विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार बोलेरों ने उसकी कार में टक्कर मार दिया था। जिससे कार में सवार दूल्हा बने अभिषेक समेत कुल पांच लोग जख्मी हुए थे। गंभीर रूप से जख्मी अभिषेक का इलाज पटना में चल रहा था। इलाज के दौरान ही सोमवार की देर शाम उसकी मौत हो गई। उसकी मौत की खबर मिलते ही परिजनों में क्रंदन चित्कार मच गया है। कहां तो घर में नई बहु आने वाली थी लेकिन अब बेटे की अर्थी उठानी पड़ रही है। इस घटना के बाद पूरा गांव मर्माहत हो उठा है।

### बदमाशों ने पेट्रोल पंप कर्मी से की मारपीट



**डुमरांव।** नगर के स्टेशन के पास स्थित राज पेट्रोल पंप के कर्मियों के साथ एक बाइक सवार असमाजिक तत्वों ने मारपीट की है। मारपीट की यह घटना मंगलवार दोपहर की है। मिली जानकारी के अनुसार एक बाइक पर सवार तीन युवक पेट्रोल पंप पर पहुंचे तथा बाइक में हवा भरने की बात वहा मौजूद एक नोजल मैन से करने लगे। इस दौरान नोजल मैन वाहनों में तेल डाल रहा था। इसी बात से नाराज युवकों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट की इस घटना में पंप का एक कर्मी जख्मी हो गया है। हालांकि बाद में कर्मियों के एकजुट होने तथा स्थानीय लोगों के जुटने के बाद तीनों बाइक पर बैठ भाग गए। इस घटना के बाद देर तक पेट्रोल पंप पर अफरा तफरी का माहौल रहा। कर्मियों का कहना था कि युवक जानबूझकर उलझ रहे थे। कर्मी द्वारा उसे थोड़ा इंतजार करने को कहा जा रहा था। लेकिन, उन तीनों बदमाशों ने कर्मी के साथ झगड़ा शुरू कर दिया। तीनों मारपीट पर उतारू हो गए। हालांकि पेट्रोल पंप प्रबंधन द्वारा इस मामले की शिकायत दर्ज कराए जाने की जानकारी नहीं मिली है।

## गर्भवतियों को कराते रहना चाहिए नियमित हीमोग्लोबिन समेत अन्य जांच, प्रसव पूर्व जांच जरूरी

# मानसिक व शारीरिक क्षमता को प्रभावित करता है एनीमिया

- आयरन की कमी से हीमोग्लोबिन बनना कम हो जाता है

**केटी न्यूज/बक्सर**

कुपोषण से लड़ने की राह में एनीमिया एक गंभीर बीमारी व बाधा के रूप में उभरी है। खासकर महिलाएं और प्रसूताओं को इस बीमारी से ज्यादा परेशानी हो रही है। थोड़ी सी भी लापरवाही जान को जोखिम में डाल सकती है। इसलिए लोगों को इसे गंभीरता से लेने की जरूरत है। व्यक्ति के शरीर में आयरन की कमी के कारण जब हीमोग्लोबिन का बनना सामान्य से कम हो जाता है, तब शरीर में खून की कमी होने लगती है। इस स्थिति




को ही एनीमिया कहा जाता है। इस बीमारी से बचाव के लिए लोगों को जीवनशैली में बदलाव और आयरनयुक्त आहार का सेवन करने की जरूरत है। इससे काफी हद तक एनीमिया के प्रकोप में आने से बचा जा सकता है। स्वास्थ्य विभाग केंद्र सरकार द्वारा संचालित एनीमिया मुक्त भारत निर्माण योजना को प्रभावी बनाने के प्रयासों में जुट गया है।

**शरीर में रक्त का निर्माण होते रहना जरूरी :** सिविल सर्जन सह एसीएमओ डॉ. जितेंद्र नाथ ने बताया, गर्भवती महिलाओं के गर्भस्थ शिशु के विकास के लिए शरीर में रक्त का निर्माण होते रहना जरूरी होता है। इसमें कमी के कारण एनीमिया होने की प्रबल संभावना रहती है। इसलिए गर्भवती महिलाओं को नियमित हीमोग्लोबिन समेत अन्य आवश्यक जांच कराते रहना चाहिए। चिकित्सकों के मुताबिक वैसे तो बच्चों से लेकर बड़ों तक हर उम्र के लोग एनीमिया ग्रस्त हो जाते हैं, लेकिन किशोरावस्था, प्रसव के बाद और रजोनिवृत्ति के बीच की आयु में यह समस्या अधिक देखी जाती है। आमतौर पर ऐसा तब होता है, जब शरीर में लाल रक्त कणों की कोशिकाओं के नष्ट होने की दर उनके निर्माण की दर से अधिक होती है।

### लक्षण दिखने पर जीवनशैली में करें बदलाव

डॉ. नाथ ने बताया, एनीमिया का शुरूआती लक्षण थकान, कमजोरी, त्वचा का पीला होना, दिल की धड़कन में बदलाव, सांस लेने में तकलीफ, चक्कर आना, सीने में दर्द होना, हाथों और पैरों का ठंडा होना, सिरदर्द आदि हैं। ऐसे लक्षण अगर आपको दिखाई दे तो तत्काल अपनी जीवनशैली में बदलाव करें और डॉक्टर के पास जाकर इलाज करवाएं.। डॉक्टर की सलाह के मुताबिक दवा और खानपान लें। एनीमिया के दौरान प्रोटीन युक्त भोजन जैसे- पालक, सोयाबीन, चुकंदर, लाल मांस, मूंगफली, मक्खन, अंडे, टमाटर, अनार, शहद, सेब, खजूर आदि का सेवन करें, जो कि आपके शरीर में खून की कमी को पूरा करता है। इन चीजों का सेवन करते रहने से आप एनीमिया की चपेट में आने से बच सकते हैं।

**एनीमिया में प्रतिवर्ष 3% की कमी लाने का लक्ष्य :** एनीमिया एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है। ये लोगों के शारीरिक व मानसिक समस्या को प्रभावित करता है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-05 के अनुसार, बिहार में 6 से 59 माह के 69.5 प्रतिशत बच्चे, प्रजनन आयु वर्ग की 63.6 प्रतिशत महिला एंव 58.3 प्रतिशत गर्भवती महिलाएं एनीमिया से ग्रसित हैं। सिविल सर्जन ने बताया कि इस अभियान के तहत 6 विभिन्न आयु वर्ग की महिलाएं व बच्चों को लक्षित किया गया है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एनीमिया जैसे गंभीर रोगों से उनका बचाव करना है। इस कार्यक्रम के तहत एनीमिया में प्रतिवर्ष 3% की कमी लाने का लक्ष्य रखा गया है।

## छोटी खबरें

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**जौनपुर।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के लपरी गांव के समीप एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। सम्दहा गांव के निवासी सुरेंद्र कुमार मिश्रा का 30 वर्षीय पुत्र संजीव मिश्रा अपने जीविकोपार्जन के लिए मुंबई में रहकर पैसा कमाता था बीते सप्ताह संजीव किसी काम से घर आया हुआ था। स्वजनो ने बताया कि सोमवार तक सब कुछ ठीक-ठाक था सोमवार शाम को वह खाना-पीना खाकर सोने के लिए चला गया था। लेकिन अचानक मंगलवार सुबह सूचना मिली की किसी युवक का शव बगल के गांव लपरी गांव में बने अंत्येष्टि स्थल के समीप फांसी के फंदे पर झूलता मिला है। आनन-फानन में परिजनों ने जब मौके पर जाकर देखा तो युवक की पहचान संजीव के रूप में हुई, ग्रामीणों ने इसकी सूचना सरायख्वाजा थाना पुलिस को दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और लोगों से पूछताछ कर मामले में विधिक कार्रवाई करने में जुट गई है।

### बीएड व एमएड के विभागाध्यक्ष का निधन

**जौनपुर।** बदलापुर क्षेत्र के राजा हरपाल सिंह महाविद्यालय सिंगरामऊ के एम.एड व बी.एड. के विभागाध्यक्ष पद पर तैनात डॉक्टर एनके सिंह का सोमवार देर रात्रि दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया।वह 56 वर्ष के थे। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।परिवारी जनों का रो रो कर बुरा हाल है। उनकी 4 बेटियां हैं। सिंगरामऊ महाविद्यालय के डॉ एनके सिंह पूर्वांचल विवि जौनपुर के बीएड व एमएड के संयोजक रहे तथा राजा हरपाल सिंह महाविद्यालय में प्राचार्य के रूप में भी लगभग 3 वर्षों तक अपनी सेवा प्रदान कर चुके थे।वर्तमान में वह राजा हरपाल सिंह महाविद्यालय में बीएड व एमएड के विभागाध्यक्ष पद पर तैनात थे।

### ग्रामीणों ने किया धरना प्रदर्शन

**मऊ।** कोपागंज क्षेत्र के ग्राम सभा अन्नुपार के राजभर बस्ती में मनरेगा के तहत कार्य करने के बाद भी खाते आये मजदूरी को प्रधान द्वारा ले लिया गया है। बार मजदूरी मांगने पर नहीं मिल रहा है। मजदूरी नहीं मिलने के आक्रोशित मनरेगा मजदूरों ने मंगलवार को प्रधान के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए जमकर विरोध प्रदर्शन किया। कोपागंज ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम सभा अन्नुपार के राजभर बस्ती निवासी मनरेगा मजदूरों ने प्रदर्शन के दौरान प्रधान पर मनरेगा के तहत आये मजूदरी को बहला फुसलाकर वापस लेने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने कहा की मजदूरी दोबारा वापस मांगने पर आजकल कह कर टाला जा रहा था। जब इसकी शिकायत अधिकारियो से किया गया तो प्रधान अब मजदूरी देने के लिए इंकार कर रहा है।

# योजनाओं का काम गुणवत्तापूर्ण और तय सीमा में पूरा होना चाहिए: डीएम

- जिलाधिकारी ने की विभिन्न परियोजनाओं की गहन समीक्षा

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में राइफल क्लब सभागार में मुख्यमंत्री की घोषणा, निर्माण कार्य, क्रिटिकल गैप्स, 50 लाख से अधिक एवं 50 लाख से कम की परियोजनाओं, त्वरित आर्थिक विकास योजनाओं के अन्तर्गत कराए जा रहे कार्यो की समीक्षा की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने जल निगम ग्रामीण/शहरी, सीएनडीएफ, आवास विकास परिषद, लोनिवि, आरईडी, यूपी सिडको, यूपी पीसीएल वाराणसी , आजमगढ, राजकीय निर्माण निगम आजमगढ, बलिया, वाराणसी, भदोही, राज्य निर्माण संघ वाराणसी, जल निगम वाराणसी, अभियन्त्रण एवं सहकारी संघ लि0 देवकली पम्प कैनाल प्रथम, द्वितीय, सिंचाई निर्माण खंड एवं अन्य कार्यदायी संस्थाओं के निर्माण कार्यो की विस्तृत समीक्षा की।



अधिकारियों के साथ बैठक करती जिलाधिकारी

जिलाधिकारी ने माह दिसम्बर 2022 में पूर्ण होने वाले कार्यो की जानकारी कार्यदायी संस्थाओं से ली तथा निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण न करने वाले कार्यदायी संस्थाओं के अधूरे कार्यो में तेजी लाने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण कार्य में मानक के अनुरूप एवं गुणवत्तापुर्ण कार्य कराने का निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि जो अधूरे कार्य धनाभाव के कारण रूके हैं, इसकी जानकारी लेते हुए पत्राचार करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने धनावंटन के बाद भी कम प्रगति वाले कार्यो पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं मानक के अनुसार निर्धारित समय के अन्दर पूरा करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही को बहुत ही गंभीरता से लिया जाएगा। साथ ही संबंधित विभाग के अधिकारी उसके लिए पूर्ण रूप से जिम्मेदार होंगे। उन्होने मुख्यमंत्री की घोषणाओं के कार्यो को प्राथमिकता के आधार पर लेते हुए पूर्ण कराने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि इसकी समीक्षा सीधे शासन स्तर से की जाती है।बैठक में जिलाधिकारी ने जल निगम ग्रामीण/शहरी, लोक निर्माण विभाग, यूपी सिडको, प्रोजेक्ट कार्पोरेशन वाराणसी, आजमगढ़, आरईएस, पर्यटन, आवास विकास, राजकीय निर्माण निगम बलिया, वाराणसी, भदोही, सीएनडीएस कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कराए जा रहे कार्यो की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य को मानक के अनुरूप एवं गुणवत्तापुर्ण कार्य कराने का निर्देश दिया। जनपद में निर्माण के अधूरे कार्य जो धनाभाव के कारण रूके हैं, उसकी जानकारी ली। साथ ही उच्चाधिकारी को पत्राचार करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने धनावंटन के बाद भी कम प्रगति वाले कार्यो पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यो को गुणवत्तापूर्ण एवं मानक के अनुसार निर्धारित समय के अन्दर पूरा करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

## विमान हादसा : नेपाल में मरने वाले युवकों के गांव में पसरा सन्नाटा

# मृतकों के परिजनों को मुआवजा दे केन्द्र और राज्य सरकार: ओमप्रकाश राजभर

- सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मृतकों के परिजनों से की मुलाकात
- ग्रामीणों के साथ मिलकर दिया धरना

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

नेपाल में हुए वायुयान हादसे के बाद एक साथ काल के गाल में समाए चारों दोस्तों के गांव में मंगलवार को भी सन्नाटा पसरा रहा। परिजन रोते बिलखते रहे। सांत्वना बंधाने वालों की भीड़ जुटी रही। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर सहित कई नेताओं ने पीड़ित परिवार से मिलकर उन्हें सांत्वना दिया।

सोमवार को बरेसर थाना क्षेत्र के अलावलपुर चौराहे पर नेपाल में हुए हादसे में चारों मृतकों के परिजन सैकड़ों ग्रामीणों के साथ शासन प्रशासन पर आरोप लगाते हुए घंटों धरने पर बैठ गए। धरने पर बैठे परिजनों का आरोप था कि अबतक जिलाधिकारी मौके पर नहीं पहुंची।



मृतक युवकों के शोकाकुल परिजन

मृतकों के परिजनों के साथ ग्रामीणों ने केन्द्र सरकार व राज्य सरकार से मुआवजे की मांग की है। लोगों का कहना है कि किसी भी हालत में परिजनों को चारों मृतकों के शव मुहैया कराया जाए।

परिजनों व ग्रामीणों ने कहा कि जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने अभी तक परिजनों से मिलने नहीं आई और न ही कोई आश्वासन मिला है। इस दौरान बरेसर थानाध्यक्ष व राजस्व की टीम धरने पर बैठे लोगों को मनाने में लगी रही। जबकि जिलाधिकारी आर्यका अखौरी के निर्देश पर कासिमाबाद एसडीएम, तहसीलदार, एडीएम सहित सभी उच्चाधिकारी वहां पहुंचकर परिजनों को सांत्वना देते रहे। घटना की जानकारी होने पर मौके जहूराबाद विधायक ओमप्रकाश राजभर, विधायक मन्नू अंसारी तथा सपा नेता मृतकों के दरवाजे पर पहुंच कर सांत्वना दिए। प्रशसन के आश्वासन पर धरना समाप्त हुआ। इस हादसे में चारों दोस्त अभिषेक कुशवाहा,सोनू जायसवाल, विशाल शर्मा तथा अनिल राजभर की मौत की खबर से जिले में शोक की लहर है। पीड़ित परिवार के लोग शव लेने नेपाल रवाना हो गए हैं। हादसे की सूचना से मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा है।

जिलाधकारी ने विमान दुर्घटना में मृतकों के परिवारीजनों से मुलाकात कर सांत्वना देने के लिए उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार कासिमाबाद पहुंच गये। सभी मृतकों के परिवार की आर्थिक स्थिति का आकलन कर उनके के आश्रितों को मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक सहायतार्थ धनराशि दिये जाने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत करने हेतु आदेशित किया जा चुका है। उक्त प्रस्ताव के आधार पर शासन को आख्या प्रेषित कर सहायतार्थ धनराशि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया जायेगा। इस घटना से कासिमाबाद सहित चारों गांवों में मातम पसरा है। घटना की जानकारी होने पर सभी दलों के लोग भी सांत्वना देने पहुंच रहे है। चारों मृतकों के शोक में जहूराबाद एवं अलावलपुर बाजार पुरी तरह से बंद रहा। शोक में म-तको के घर चुल्हा नहीं जला। मृतक अनिल की मां सरस्वती देवी के आंसू रुक नहीं रहे है। वही एक मात्र घर का कमाऊ पुत्र था।

मालूम हो कि नेपाल के पोखरा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर रनवे पर उतरने से पहले ही 72 सीटों वाला यात्री विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। विमान पुराने हवाई अड्डे और पोखरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के बीच दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी द्वारा जब नेपाल में भारतीय दूतावास में कार्यरत दिवाकर शर्मा से जानकारी करने पर प्राप्त हुआ कि इस गाजीपुर के चार युवको की दुर्घटना में मौत हुई है। दूतावास से जिले के चारों युवकों के बारे में नाम अवगत कराते हुए उनके आधार कार्ड शेयर किये गये। ये सभी युवक पशुपतिनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए तीन दिन पहले नेपाल गए थे। वहां दर्शन पूजन करने के बाद विमान से पोखरा जा रहे थे। जहां ये हादसा होगया। मृतको में अभिषेक कुशवाहा पुत्र चन्द्रमा कुशवाहा उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम धरवां कासिमाबाद, सोनू जायसवाल पुत्र राजेन्द्र जायसवाल उम्र-32 वर्ष निवासी ग्राम चकजैनब कासिमाबाद, विशाल शर्मा पुत्र संतोष शर्मा उम्र-27 वर्ष निवासी ग्राम अलावलपुर अफगां कासिमाबाद एंव अनिल कुमार राजभर पुत्र रामदरस राजभर उम्र-25 वर्ष निवासी चकदरिया (चकजैनब) कासिमाबाद के है।

## एक नजर

### अस्पताल में तत्काल 24 घंटे बिजली आपूर्ति कराएं बहाल: मुख्य विकास अधिकारी



**बलिया।** मुख्य विकास अधिकारी प्रवीण वर्मा ने मंगलवार को जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान बिजली की दुर्व्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए तत्काल अस्पताल में 24 घंटे विद्युत आपूर्ति बहाल करने के निर्देश दिए। सीडीओ ने अस्पताल स्थित फिजियोथेरेपी यूनिट, एनआरसी, सिटी स्कैन, डिजिटल एक्सरे और पैथोलॉजिक यूनिट आदि की बारिकियों से जांच की। इस दौरान भर्ती वार्डों में पहुंचकर मरीजों का हालचाल लिया। पैथोलॉजी यूनिट के प्रभारी शम्भू नाथ यादव से किडनी, सीबीसी सहित कई अन्य जांच के आंकड़ों की जानकारी ली। इसके बाद जांच केन्द्र के गेट पर रिपोर्ट की प्रतीक्षा कर रहे मरीजों से पूछा कि कितनी देर में आप लोगों को जांच रिपोर्ट मिलती है, इसके उत्तर में सीएमएस ने बताया कि अस्पताल में सेम डे खून, पिशाब और अन्य जांचों की लगभग दो सौ की रिपोर्ट मरीजों को दो बजे दिन से उपलब्ध होने लगती है। सीडीओ ने एचआईवी और डेंगू के मरीजों के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान सीडीओ डिजिटल एक्सरे और सिटी स्कैन यूनिट के द्वार पर मरीजों की लाइन लगे लोगों से भी असुविधा होने के बाबत पूछा तो सभी ने कहा कि अस्पताल में स्टाफ की काफी कमी होने के कारण थोड़ा समय जरूर लगता है लेकिन एक्सरे और सिटी स्कैन की रिपोर्ट भी यहां समय से मिल जाती है। डाइलेसिस यूनिट के प्रभारी ने बताया कि अस्पताल में फिलहाल 10 बेड हमेशा तैयार रहती है साथ ही दो बेड विशेष मरीजों के लिए आरक्षित रहती है। उन्होंने बताया कि फिलहाल उनकी यूनिट एक भी मरीज ठंड पड़ने के कारण आज नहीं आए हैं। वैसे डायलेसिस की प्रक्रिया में कभी एक एक सप्ताह पर कभी अल्टरनेट डे मरीजों को उपलब्ध कराई जाती है। निरीक्षण के दौरान सीएमएस भी सीडीओ के साथ मौजूद रहे।

### गर्भवती बहू की हत्या में पांच को उम्रकैद




**बलिया।** खेजुरी में वर्ष 2019 में हुई हत्या के मामले में सुनवाई करते हुए अदालत ने पांच अभियुक्तों को दोषी पाया और उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही 10 हजार का जुमार्ना भी लगाया। वादी मुकदमा शिवमंगल यादव पुत्र स्व. ब्रह्मदेव यादव ग्राम जिगिड़सर थाना खेजुरी ने अपनी लड़की बिंदू की शादी 2015 में संग्राम यादव पुत्र धर्मचंद यादव निवासी ग्राम फूलपुर सहुलाई थाना पकड़ी के साथ की थी। शादी में मिले सामान से उसके दामाद संग्राम यादव तथा समधी धर्मचंद यादव, भसुर सतेंदर यादव, जेठानी पुष्पा देवी, शारदा देवी के दामाद के चाचा धनीराम यादव की पत्नी पार्वती देवी, शत्रुघ्न यादव संतुष्ट नहीं थे। इसके लिए बिंदू को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे। वह मोटरसाइकिल और दो लाख रुपये की मांग करते थे। इस संबंध में कई बार पंचायत भी हुई। 28 मार्च 2019 को अमरनाथ, रामायण यादव, कृपाशंकर ने पंचायत की थी। भसुर सत्येंद्र यादव ने पंचायत में धमकी दी थी कि दहेज नहीं दोगे तो अंजाम बुरा होगा। आरोप था कि 30 मार्च 2019 को आरोपियों ने पुत्री पर मिट्टी का तेल छिड़ककर और नींद की दवा खिलाकर सोते समय जला दिया। जबकि बिंदु उस समय गर्भवती थी और उसकी दो वर्ष की बेटी थी। उसे सिकंदरपुर सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया, वहां से बीएचयू ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। इसका थाना पकड़ी में मुकदमा दर्ज हुआ।

### चुनाव के लिए हमारी तैयारी पूरी: शमीम खान



**बलिया।** ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी के प्रदेश संयुक्त सचिव मोहम्मद शमीम खान ने कहा कि सरकार दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यकों का हक मारना चाहती है, लेकिन हम इनको हक मारने नहीं देंगे, नगर निकाय चुनाव में आरक्षण लागू होना चाहिए इसके लिए पूरे प्रदेश में आंदोलन चलाया जाएगा। हमारे नेता बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी साहब प्रदेश अध्यक्ष हाजी शौकत अली साहब समय-समय पर हम कार्यकताओं को दिशा निर्देश दे रहे हैं कि किस तरीके से हम चुनाव में बेहतर रिजल्ट दे सकें। बड़े स्तर पर पार्टी सदस्यता अभियान और जनसंपर्क कार्यक्रम चला रही है। भाजपा को हराने के नाम पर सेकुलर दल जो हमारे समाज का वोट ले लेते थे वो भी दांव इस बार नहीं चलेगा। जनता खुलकर एआईएमआईएम पार्टी को वोट करेगी।चौंकाने वाले अच्छे नतीजे आएंगे। इस अवसर पर जिला संगठन प्रभारी मोहम्मद नसीम खान,जिला प्रमुख महासचिव महताब आलम,कोषाध्यक्ष अब्दुल्लाह अंसारी, राम कुमार राजभर, छोटन राजभर आदि मौजूद रहे।

## पीट-पीटकर हत्या करने के मामले में पांच लोगों को आजीवन कारावास

**बलिया।** अपर सत्र न्यायाधीश हुसैन अहमद अंसारी की अदालत में हत्या मामले में सुनवाई करते हुए पांच लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 50 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया।

वादी मुकदमा राजेश यादव पुत्र रामचंद्र यादव निवासी कुतुबपुर थाना नरही ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 27 सितंबर 2016 को रामाकांत, जितेंद्र, पूर्णमासी, सुकर पुत्र शिवमुनि, शिवप्रसाद यादव पुत्र खेदन यादव निवासी कुतुबपुर डंडा और पत्थर लेकर हत्या की नीयत से उसके घर में घुस आए और मारना शुरू कर दिया। उसके बड़े पिता रामकिशन यादव को गंभीर चोटें आई तथा उसकी मां दुइजी देवी की मौके पर ही मौत हो गई। विपक्षी पहले भी वार कर चुके हैं जिसका मुकदमा थाना नरही में दर्ज है विवेचना में रामाकांत पासवान, पूर्णमासी पासवान, शुकर पासवान, जितेंद्र पासवान पुत्र शिवमुनी पासवान के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। न्यायालय ने सुनवाई के दौरान शिवप्रसाद यादव को भी तलब किया गया और उनके खिलाफ भी आरोप तय किया गया। अभियोजन के तरफ से प्रस्तुत सभी साक्ष्यों को अदालत ने देखा। अदालत में अभियोजन की तरफ से विनोद कुमार भारद्वाज सहायक शासकीय अधिवक्ता फौजदारी और बचाव पक्ष की तरफ से राधेश्याम पांडेय ने बहस की। सुनवाई के दौरान अदालत ने सभी को दोषी पाया और आजीवन कारावास और 50 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

## 15 हजार रुपये का वांछित इनामी गिरफ्तार

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में कासिमाबाद पुलिस व बिरनो थाने की पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए गैंगेस्टर एक्ट के तहत 15 हजार के इनामी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

मंगलवार को कासिमाबाद व बिरनो थाने की संयुक्त पुलिस टीम क्षेत्र में तलाशी वांछित व वारंटी को रोकने और मुखबिर की सूचना पर गैंगेस्टर अधिनियम थाना कासिमाबाद से सम्बन्धित इनामिया अभियुक्त दीनबन्धु उपाध्याय कुतुबपुर सिक्स लेन ओवर ब्रीज (पुल) के पास मौजूद है। वह कहीं जाने की फिराक में है, इस सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची।पुलिस टीम को देखकर मुल्जिम भागने का प्रयास किया,



लेकिन घेरघार कर पकड़ लिया गया। नाम पता पूछा गया, तो अपना नाम दीनबन्धु उपाध्याय पुत्र स्व. राम अवतार उपाध्याय निवासी ग्राम सरायमुबारक धर्मपुरा थाना कासिमाबाद हालपता वार्ड सं. 04 श्यामपुरम कालोनी थाना आईटीआई काशीपुर जिला उधमसिंह नगर उत्तराखंड बताया। अभियुक्त उपरोक्त वर्ष 2021 से मुकदमा उपरोक्त में बदस्तूर फरार चल रहा था तथा अपनी चल सम्पत्ति यहां से बेचकर काशीपुर उत्तराखंड राज्य में जाकर रहने लगा था। जिसे काफी प्रयास के बाद आज दिनांक 17 जनवरी को कुतुबपुर सिक्स लेन ओवरब्रिज के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा अभियुक्त उपरोक्त की गिरफ्तारी के लिए 15000 रुपए का ईनाम घोषित किया गया था।

## विशेष सचिव के आते ही ब्लॉक मुख्यालय एवं रेवतीपुर पशु चिकित्सालय पहुंचे अधिकारी व कर्मचारी

# गौशाला के सचिव को संस्पेड करें बीडीओ, नहीं तो उन पर होगी कार्रवाई

- राजकीय पशु चिकित्सालय रेवतीपुर पहुंचकर किया औचक निरीक्षण
- जिलाधिकारी ने व्यवस्था में सुधार के लिए बीडीओ को दी चेतावनी

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

विशेष सचिव उच्च शिक्षा विभाग लखनऊ डा. अखिलेश कुमार मिश्रा मंगलवार की सुबह करीब साढ़े दस बजे औचक निरीक्षण के सिलसिले में रेवतीपुर ब्लाक मुख्यालय पर धमक पड़े। इसके चलते कर्मचारियों व अधिकारियों में हड़कंप मच गया। सभी कर्मचारी और अधिकारी जो जहां थे, कार्रवाई के भय से सीधे रेवतीपुर ब्लाक मुख्यालय पहुंचे।

विशेष सचिव रेवतीपुर स्थित राजकीय पशु चिकित्सालय पहुंचे, जहां उन्होंने पशु अस्पताल के परिसर का मुआयना किया और अभिलेखों का बारिकी से अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने पशु अस्पताल के जर्जर भवनों को निष्प्रयोजित घोषित कर ध्वस्तिकरण के निर्देश दिए। गौशाला के विस्तार का निर्देश दिया गया। इसके बाद स्थाई गोशाला पहुंचे, जहां उन्होंने रखे गए पशुओं



निरीक्षण के दौरान विशेष सचिव, डीएम, बीडीओ व अन्य

के बारे में उनको दिया जाने वाला चारा, पानी, टीकाकरण, ठंठ से बचाव, पौष्टिक चारे, मिनरल आदि समय से देने का सख्त निर्देश दिया।इसके साथ ही उन्होंने रखे गए सभी 62 पशुओं को टैग लगाए जाने पर संतोष जाहिर किया। इसी बीच विशेष सचिव ने गौशाला के निरीक्षण के दौरान गौ पूजा कर उन्हें गुड़ खिलाया। इस निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत सचिव के अनुपस्थिति को उन्होंने नाखुशी जाहिर किया। जिस पर डीएम ने बीडीओ को सख्त हिदायत दिया कि तत्काल सचिव को संस्पेड कर इसकी सूचना जिला मुख्यालय को दी जाए। अन्यथा बीडीओ कार्रवाई के लिए खुद तैयार रहें।

इस दौरान उन्होंने बीडीओ को निर्देशित किया कि ब्लाक अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों से पुलिंग के जरिए गौशाला को प्रति वर्ष 77877 उपलब्ध कराया जाए। ताकि यहां रखे जाने वाले पशुओं को बेहतर चारा आदि व रखरखाव की व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। साथ ही विशेष सचिव उच्च शिक्षा विभाग लखनऊ डा. अखिलेश कुमार मिश्रा ने चेताया कि लापरवाही किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उनके चले जाने के बाद सभी अधिकारी व कर्मचारियों ने राहत की सांस ली।इस दौरान डीएम आर्यका अखौरी, सीडीओ श्रीप्रकाश गुप्ता, एसडीएम सेवराई राजेश प्रसाद चौरसिया, जिला मुख्य पश चिकित्साधिकारी डॉ. शिव कुमार रावत, डॉ. गौरव द्विवेदी, रेवतीपुर थानाध्यक्ष प्रशांत चौधरी, बीडीओ सुरेन्द्र सिंह राणा, पूर्व प्रमुख मुकेश राय आदि मौजूद रहे।